Title: Need to provide financial assistance to solve the problem of drinking water arising out of blast in wells by ONGC in Gujarat particularly in Patan District.

श्री प्रवीण राष्ट्रपाल (पाटन) : सभापति महोदय, गुजरात राज्य के महसाणा जिले में ओ.एन.जी.सी. की एक परियोजना कार्यरत है और इस परियोजना के कार्य क्षेत्र का फैलाव पाटन जिला और चाण्डसमा तालुका तक है, जो मेरे संसदीय क्षेत्र का अंग है। यहां के निवासियों के लिए जल की उपलब्धता कराने हेतु बोरिंग कराकर नल/कुएं बनवाए गए थे जिनकी संख्या पाटन जिले में ५०० से अधिक थी, किन्तु ओ.एन.जी.सी. की परियोजना में क्रूड ऑयल उत्पादन के लिए कुओं में ब्लास्ट किया जाता है जिसका परिणाम होता है कि समीप में पानी के ये बोरिंग लगातार सूखते चले जा रहे हैं और धीरे-धीरे इनका जल स्तर नीचे होता जा रहा है। अब लोगों के सामने जल संकट गहरा हो गया है। आम तौर पर देश में परियोजना के कारण होने वाले नुकसान की भरपाई परियोजना संचालक संस्था द्वारा की जाती है पर यहां के निवासियों को ओ.एन.जी.सी. द्वारा अभी तक कोई क्षति-पूर्ति नहीं की गई है ताकि वे अपनी जल व्यवस्था को पुनः ठीक कर सकें।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि ओ.एन.जी.सी. को हिदायत दे कि वह अविलम्ब परियोजना से पीड़ित इन लोगों की क्षति-पूर्ति हेतु आर्थिक मदद दे ताकि क्षेत्र की जल समस्या का समाधान संभव हो।